Madhya Pradesh Board

QUESTION PAPER



aglasem.com

Total Printed Pages-4 JI/2024 Total Ques.-23

त्रैमासिक परीक्षा सत्र 2024–25

कक्षा–10वीं

समय:3.00 घण्टे विषय–हिन्दी (विशिष्ट) पूर्णांक–75

निर्देश:–
(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
(3) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिनके लिये 1 x 25 = 25 अंक निर्धारित है।
(4) प्रश्न क्र. 06 से 15 मे प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दो में लिखिए।
(5) प्रश्न क्र. 16 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित है । उत्तर लगभग 75 शब्दो लिखिए।
(6) प्रश्न 19 से 22 तक प्रति 01 प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित है । उत्तर लगभग 120 शब्दो लिखिए।
(7) प्रश्न 23 के लिए 05 अंक निर्धारित है । उत्तर लगभग 250 शब्दो लिखिए।

प्रश्न 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए– (5)

(1) गोपियों को ज्ञान व योग की बातें लगती हैं–
(क) मधुर (ख) नीरस (ग) कड़वी ककड़ी सी (घ) अग्नि सी

(2) नेताजी की मूर्ति तैयार करने वाले मूर्तिकार का नाम था–
(क) मोतीलाल (ख) किशोरीलाल (ग) रामलाल (घ) श्यामलाल

(3) सूर्य के पद की भाषा है–
(क) खड़ी बोली (ख) ब्रज (ग) मैथिल (घ) बघेली

(4) भोलानाथ के ललाट पर कौन तिलक सुशोभित होता था–
(क) केशर का (ख) भभूत का (ग) कुमकुम का (घ) चन्दन का

(5) शांत रस का स्थायी भाव है–
(क) रति (ख) निर्वेद (ग) शोक (घ) क्रोध

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (5)

(1) सन्यास के .....प्रकार होते हैं। (छह/चार)
(2) काव्य के मुख्यतः .....भेद होते हैं। (दो/तीन)
(3) सूरदास जी मुख्यतः .....रस के कवि हैं। (श्रृंगार/वात्सल्य)
(4) राम लक्ष्मण के गुरू का नाम .....था। (परशुराम/विश्वामित्र)
(5) संचारी भावों की संख्या .....होती हैं। (पैंतीस/तैंतीस)

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइये– (5)

(1) विनय पत्रिका	(क) अट नहीं रही है
(2) कामायनी	(ख) नागार्जुन
(3) साहित्य लहरी	(ग) जयशंकर प्रसाद
(4) युगधारा	(घ) तुलसीदास
(5) उत्साह	(ङ) सूरदास

प्रश्न 4 सत्य / असत्य लिखिए– (5)

(1) रामचरित मानस एक खण्डकाव्य है।

(2) एकांकी में चार अंक होते है।

(3) जहाँ दोनों पद प्रधान होते हैं, वहाँ द्विगु समास होता है।

(4) चौपाई छन्द में 16 16 मात्राएँ होती हैं।

(5) बन ठन के आये, काले–काले मेघ में पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार का उदाहरण है।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– (5)

(1) हिन्दी पद्य साहित्य को कितने भागों में विभाजित किया गया है ?

(2) भोलानाथ के पिता आटे की कितनी गोलियाँ गंगाजी में प्रवाहित करते थे ?

(3) "बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय" पंक्ति में कौनसा अलंकार है ?

(4) उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(5) जीवनी किसकी लिखी जाती है ?

प्रश्न 6. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है ? (2)

अथवा

परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुईं, उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की एक–एक विशेषता अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 7. "माता का आँचल" पाठ के आधार पर लिखिए कि शिशु का नाम भोलानाथ कैसे पड़ा ? (2)

अथवा

कैप्टन की मृत्यु का समाचार देते वक्त पान वाला उदास हो जाता है, क्यों ?

प्रश्न 8. जार्ज पंचम नाक की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या–क्या यत्न किया ? (2)

अथवा

बाल गोबिन भगत की पुत्र वधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

प्रश्न 9. कहानी और उपन्यास में कोई दो अन्तर लिखिए। (2)

अथवा

भक्तिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 10. चौपाई छन्द की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

छन्द की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 11. महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो मुख्य अन्तर लिखिए। (2)

अथवा

किन्ही दो खण्डकाव्य के नाम एवं उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 12. रस की परिभाषा लिखिए एवं रस के अंगों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

वीर रस की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का सन्धि–विच्छेद कर नाम लिखिए। (2)

हिमालय, जगदीश, मनोरथ

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो का समास विग्रह कर नाम लिखिए।

राजभवन, चौराहा, रात–दिन

प्रश्न 14. निपात शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

घी के दिये जलाना, आँखों का तारा

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– (2)

(क) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है। (ख) वह आँख से काना है।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द में उत्तर लिखिए–

(क) जो ईश्वर पर विश्वास रखता हो। (ख) जिसकी कोई सीमा न हो।

प्रश्न 16. सूरदास जी अथवा जयशंकर प्रसाद जी की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए उनकी विशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 17. स्वयं प्रकाश अथवा रामवक्ष बेनीपुरी जी की कोई दो रचनाएँ एवं उनकी साहित्यिक वशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए– (3)

(क) योग का महत्व (ख) मोबाईल फोन से लाभ या हानि

अथवा

"नेताजी का चश्मा' पाठ का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित अपठित गद्यांष को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (4)

श्रम साधना करने वाले को यश प्राप्त होता है और वैभव भी। श्रम करके एक निर्धन परिवार का बालक भी उच्च स्थान पर आसीन हो जाता है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देता है। श्रम करके हमें अलौकिक आनन्द की प्राप्ति होती है तथा परम संन्तोष का अनुभव होता है। श्रम करने से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है। शारीरिक श्रम करने वाले प्रायः दीर्घजीवी होते हैं। श्रम करने वाला विकट परिस्थितियों में भी नहीं घबराता है। आत्मविश्वास उनका रक्षक बन जाता है।

परिश्रम सफलता का मूलमंत्र है। बिना परिश्रम किए किसी को सफलता नहीं मिलती है। यदि मिलती है तो वह स्थाई नहीं होती। परिश्रम व्यक्ति में आत्म संन्तोश और आत्म निर्भरता की भावना लाता है। परिश्रम का कोई विकलप नहीं है। अतः परिश्रमी बनो।

प्रश्न– (क) श्रम का पर्यायवाची षब्द लिखिए। (ख) सफलता का मूलमंत्र क्या है ?

(ग) श्रम करने वालों का रक्षक कौन होता है ?

अथवा

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

" कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है, चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है, चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।"

प्रश्न– (क) चींटी की मेहनत बेकार क्यों नहीं होती ? (ख) "कोशिश" का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ग) काव्यांश का उचित षीर्शक दीजिए।

प्रश्न 20. निम्नलिखित काव्यांश का सन्दर्भ,–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए– (4)

" अधौ, तुम हो अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यों जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

अथवा

" नाथ संभुधनु भंजनिहारा।
होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही।
सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।

प्रश्न 21. निम्नलिखित गद्यांश का सन्दर्भ,–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए– (4)

"बार–बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश के खातिर घर–गृहस्थी, जवानी–जिन्दगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है। दुखी हो गये।"

अथवा

" बाल गोबिन भगत मँझोले कद के गोरे–चिट्टे आदमी थे। साठ साल से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गये थे, लम्बी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किन्तु हमेशा उनका चेहरा बालों से ही जगमग किए रहता। कपड़े बिल्कुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीरपंथियों की सी कनपटी टोपी। जब जाड़ा आता एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानन्दी चन्दन जो नाक के एक छोर से, औरतों के टीके की तरह शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बाँधे रहते।

प्रश्न 22. अपने प्राचार्य को शाला शुल्क–मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (4)

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में निबंध लिखिए– (5)

(क) पर्यावरण प्रदूषण एवं निदान,
(ख) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन,
(ग) मेरा प्रिय खेल,
(घ) जल ही जीवन है

-----000-----

त्रैमासिक परीक्षा 2024-25

विषय - हिन्दी

कक्षा - 10 TH

समय - 3 घंटे

पूर्णांक -80

निर्देश - 1 सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2 प्रश्न क्र 01 से 05 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके लिये 1*30= 30 अंक निर्धारित है।

3 प्रश्न क्र 06 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है

4 प्रश्न क्र 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है

5 प्रश्न क्र 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है

प्र 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए । 1*6=6

1 मधुकर शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है

अ) उद्धव ब) सुदामा स) गोपिया द) कृष्ण

प्र 2 संधि के दो भेद होते है

अ) दो ब) तीन स) चार द) छ

प्र 3 बालगोबिन भगत की प्रभातीया किस माह से शुरू होती है

अ) कार्तिक ब) फागुन स) चैत्र द) आषाढ

प्र 4 परशुराम को व्यंग्य भरे उत्तर दिए

अ) राम ने ब) लक्ष्मण ने स) भरत ने द) लक्ष्मण ने

प्र 5 रसों की संख्या है

अ) पाँच ब) सात स) आठ द) दस

प्र 6 नेताजी की मूर्ति पर चश्मा कौन लगाया करता था

अ) हालदार साहब ब) कैप्टन चश्मे वाला स) पान वाला द) ड्राइंग मास्टर

प्र 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (1*6=6)

1 परशुराम के गुरु ..... थे।

2 काव्य के ..... भेद होते है।

3 भोलानाथ का वास्तविक नाम ..... था

4 रसोइघर मे ..... समास है

5 आश्रय के चित मे उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारो को ..... कहते है

6 जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध महाकाव्य ..... है

सही जोड़िया बनाकर लिखिए -

(1*7 = 7)

अ	ब
1 माता का आँचल	ब्रजभाषा
2 नेताजी का चश्मा	आत्मा
3 प्रमुख विधा	शिव पूजन सहाय
4 रस काव्य की	स्वय प्रकाश
5 कवितावली	निबध
6 उत्साह	अवधी भाषा
	जयशकर प्रसाद
	सूर्यकान्त त्रिपाठी

प्र 5 एक वाक्य मे उत्तर लिखिए -

(1*7=7)

1 गोपियो के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए

2 निपात शब्द किसे कहते है

3 भोलेनाथ के पिता आटे की कितनी गोलियां गगाजी मे प्रवाहित करते थे

4 रस के अंगो के नाम लिखिए

5 जिस समास मे पहला पद प्रधान हो उस समास का नाम लिखिए

6 छायावाद के प्रवर्तक रचनाकार का नाम लिखिए

प्र 3 4 सत्य / असत्य लिखिए

(1*6 = 6)

1 शिव धनुष को खंडित देखकर परशुराम प्रसन्न हो गए

2 लोक + उक्ति से मिलाकर लोकोक्ति शब्द बना है

3 सुर उपन्यास सम्राट है

4 अन्तिम कलश कविता पहली बार हस पत्रिका मे प्रकाशित हुई

5 बालगोबिन भगत कबीर को साहब मानते थे।

6 कमल का सिपाही राम वृक्ष बेनीपुरी है

प्र 6 प्रगतिवादी काव्य की दो विशेषाए लिखिए अथवा 2

छायावाद के दो कवियो के नाम एवं प्रत्येक की एक - एक रचना लिखिए

प्र 7 मरजादा व लही के माध्यम से कौन सी मर्यादा न रहने की बात कही जा रही है अथवा

परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन कौन से तर्क दिए

प्र 8 कैप्टन कौन था ? वह क्या काम करता था अथवा 2

बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हे अकेले क्यो नहीं छोडना चाहती थी

प्र 9 सूरदास अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषताए निम्न बिन्दुयो के आधार पर लिखिए

1) दो रचनाए 2) भाव पक्ष कलापक्ष अथवा

प्र 10 महाकाव्य किसे कहते है ? एक महाकाव्य एव उसके रचनाकार का नाम लिखिए अथवा

दो खंड काव्य एव उनके रचनाकारो के नाम लिखिए 2

प्र 11 रस की परिभाषा देते हुए रस के अवयवो के नाम लिखिए अथवा

दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए

प्र 12 कहानी एव उपन्यास मे अतर लिखिए अथवा

नाटक एव एकांकी मे अतर लिखिए 2

प्र 13 बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मत्यु पर अपनी भावनाए किस तरह व्यक्त की अथवा

भोलानाथ अपने साथिनो को देखकर खिसकना क्यो भूल जाता है 2

प्र 14 निम्न मुहावरो के अर्थ लिखकर वाक्य मे प्रयोग कीजिए अथवा

1) फुला न समाना 2) आखो का तारा

अथवा

स्वयप्रकास की दो रचनाओ के नाम लिखिए

प्र 15 मुहावरे और लोकोक्ति मे दो अतर लिखिए अथवा

निम्न समास का विग्रह कर समास का नाम लिखिए

1) प्रतिदिन 2) चौराहा

प्र 16 आत्मकथा एव जीवनी मे अतर लिखिए (कोई दो) अथवा

हिन्दी गद्य की प्रमुख विधायो के नाम लिखिए 2

प्र 17 रामवृक्ष बेनीपुरी की भाषाशैली और दो रचनाओ के नाम लिखिए

कवि निराला की आख फागुन की सुदरता से क्यो नही हट रही है अथवा 3

प्र 18 निम्न पदयांश की सदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए

उधो , तुम हो अति बड़भागी |

अपरस रहत सनेह तगा है , नाहिन मन अनुरागी

पुरइनी पात रहत जल भीतर , ता रस देह न दागी

ज्यों जल माह तेल की गागरि , बूद न ताको लागी

प्रीति नदी मै पाउ न बोरयो , दृष्टि न रूप पराग

सूरदास अबला हम भोरी गुर चाटी ज्यो पागी

अथवा

मधुप गुन -गुन कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी

मुरझाकर गिर रही पतिया देखो कितनी आज घनी

इस गभीर अनत मितिमा मे अपाख्य जीवन इतिहास

यह लो , करते ही रहते है अपना व्यंग्य मलिन उपहास

तब भी कहते हो कह तातु दुःख तो अपनी बीती

तुम सुनकर सुख पाओगे देखोगे यह गागर रीति

प्र 19 निम्न गदयांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए

जीप कस्बा छोडकर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे मे

ही सोचते रहे और अत मे इस निष्कर्ष पर पहुचे की कुल मिलाकर कस्बे के

नागरिको का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए

अथवा

वह ग्रहस्थ थे लेकिन उनकी यह चीज साहब की थी जो कुछ खेत मे पैदा होता सिर पर लादकर पहले उसे साहब

के दरबार मे ले जाते जो उनके घर से चार कोस दूर था एक कबीरपंथी मठ से मतलब वह दरबार मे भेट रूप रख

दिया जाकर प्रसाद रूप मे जो उन्हे मिलता उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते

प्र 20 दो मित्रो के बीच खेल के मैदान सलाह लिखिए अथवा

अपने किसी पसंदीदा विषय पर विज्ञापन बनाइए

प्र 21 निम्नलिखित गद्यांश या काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए

वीरो का कैसा हो बसत

आ रही हिमालय से पुकार

है उदधि गरजता बार बार

प्राची पश्चिम भू नभ अपार

सब पूछ रहे है दिग दिगत

वीरो का कैसा हो बसत ?

I उपर्युक्त काव्यांश की उचित शीर्षक लिखिए?
II वीरो का बसत कैसा होना चाहिए?
III उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

अथवा

आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता मे ही अपने जीवन की सफलता समझता है। जीवन का प्रत्येक क्षण वह कर्म मे लगाता है। विश्राम और विनोद के लिए उसके पास पर्याप्त समय रहता है। शेष समय जन सेवा मे व्यतीत होता है। हाथ पर हाथ रखकर बैठने को वे मृत्यु समान समझता है। काम करने की उसमे लगन होती है, उत्साह होता है। विपत्तियो मे भी वह अपने धैर्य का परिचय देता है।।

I उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?
II व्यक्ति के किन गुणो का वर्णन किया गया है?
III उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए
IV

प्र 22 विद्यालय के प्राचार्या महोदय के स्थानातरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने मित्र के जन्म दिन पर बधाई पत्र लिखिए।

प्र 23 निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए

I विज्ञान - वरदान भी, अभिशाप भी
II जीवन मे खेलो का महत्व
III पर्यावरण प्रदूषण की समस्या और समाधान
IV कम्प्युटर का जीवन मे महत्व

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers